उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग

तृतीय तल, पिकप भवन, गोमती नगर, लखनऊ

पत्रांक- 29 /07/तीन(परीक्षा-1)/2020/खण्ड-3/2021

लखनऊः दिनांक- 10 मार्च, 2021

आवश्यक सूचना

उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग के विज्ञापन संख्या-07-परीक्षा/2019, सहायक सांख्यिकीय अधिकारी एवं सहायक शोध अधिकारी (सांख्यिकी) (सामान्य चयन) प्रतियोगितात्मक परीक्षा-2019 के अन्तर्गत विज्ञापित सहायक सांख्यिकीय अधिकारी एवं सहायक शोध अधिकारी (सांख्यिकी) के कुल 904 रिक्त पदों पर चयन हेतु आनलाइन आवेदन आमंत्रित किए गये थे।

आयोग के उक्त विज्ञापन के सापेक्ष आवेदन करने वाले समस्त अभ्यर्थियों को एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि सहायक सांख्यिकीय अधिकारी एवं सहायक शोध अधिकारी (सांख्यिकी) (सामान्य चयन) प्रतियोगितात्मक परीक्षा-2019 की लिखित परीक्षा दिनांक-08 मई, 2021 (शनिवार) को आयोजित किया जाना प्रस्तावित है। प्रश्नगत परीक्षा के प्रवेश पत्र निर्गत किये जाने के सम्बन्ध में अभ्यर्थियों को वेबसाइट के माध्यम से पृथक से यथासमय सूचित किया जाएगा।

10/03/2021

परीक्षा नियंत्रक

उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग,

लखनऊ